>

Title: Need to maintain adequate supply of power in Jharkhand.

श्रीमती सुमन महतो (जमशेदपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहती हूं कि सम्पूर्ण झारखंड राज्य में, विशेषकर पूर्वी सिंहभूम के मानगो, करनडी, परसूडी, आदित्यपुर, बिरसा नगर औद्योगिक क्षेत्र और अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति काफी खराब हो गई है। फलस्वरूप वहां की औद्योगिक इकाइयां बंद होने के कगार पर हैं। इसके कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में भी काफी परेशानी पैदा हो रही है। इससे पेयजल आपूर्ति पर भी गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है। अतः जनहित में मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करती हूं कि झारखंड राज्य में तत्काल समुचित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराई जाए।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are not the only Member in the House.